>

Title : Need to extend the time-frame of industrial package given to Himachal Pradesh for its economic development.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** महोदय, हिमाचल प्रदेश में आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियां अत्यंत कम होने के कारण पूर्व की एन.डी.ए की सरकार ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा उत्तराखंड राज्यों हेतु 10 वर्ष का एक औद्योगिक पैकेज दिया, जो वर्ष 2013 तक चलना था। पैकेज के कारण हिमाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर उद्योग लगे और एंसीलियरी यूनिट्स भी लगीं तथा आवश्यकता यह महसूस की गई कि 10 वर्ष की बजाय उक्त पैकेज को 15 वर्ष के लिए बढ़ाया जाए ताकि हिमाचल प्रदेश औद्योगिक रूप से सम्पन्न राज्यों की श्रेणी में आ सके, किंतु यूपीए की सरकार आने के तुंत बाद उस पैकेज की समय-सीमा तीन वर्ष घटाकर सात वर्ष कर दी गई। औद्योगिक पैकेज की समय-सीमा घटाने के कारण अब उद्योगों का लगना प्रायः बंद हो गया है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि हिमाचल प्रदेश के न्यून आर्थिक विकास एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त पैकेज की समय-सीमा कम न की जाये, पूर्व की भांति वर्ष 2013 तक ही रहने दी जाये, बल्कि यदि संभव हो सके तो पांच वर्ष और बढ़ाकर उसे वर्ष 2018 तक किया जाये ताकि हिमाचल प्रदेश औद्योगिक रूप से सम्पन्न हो सके।